# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

## विषय- यातायात जागरूकता

**नाम-** **कक्षा-**

**अनुक्रमांक-** 10

**प्रस्तावना-** यातायात दो शब्दो से मिलकर बना है यात + आयात जिसका अर्थ है आना और जाना।
यातायात मानव जीवन मे यातायात के नियम का पालन करना ही मूल कर्तव्य है यातायात के नियमो को ध्यान मे रखते हुए हमे इसका पालन करना चाहिए।

प्रत्येक वर्ष भारत में 1,40,000 से अधिक सड़क दुर्घटना मे लोग मारे जाते है।
सड़क पर चलते समय हमे हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करना चाहिए।

पैदल तथा दुपहियाएं, रिक्शाचालको को हमेशा अपने बाएं तरफ ही रहना चाहिए।
रास्ते पर चलते समय यह कभी भी नही सोचना चाहिए कि वाहन चालक हमे देख रहा है।
सड़क पार करते समय हमे अपने दाएं और बाएं देखकर ही सड़क को पार करना चाहिए।

बाइक चालको को हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाना चाहिए।
~~क~~ चार पहिया वाहन चालको को हमेशा यह ध्यान रहे की वे सीट बेल्ट का उपयोग

Scanned By Scanner Go

करें।

## यातायात के नियम :-

यातायात के नियम को ध्यान में रखते हुए हमें चौराहों पर लगे सिगनल लाइट के बारे विशेष जानकारी होनी जरूरी है- लाल, पीली, हरी तीन रंग की लाइट होती है जो हमें निम्न बाते बताती है-

1- **लाल सिगनल लाइट :-** लाल सिगनल लाइट हमें रुकने का संकेत देती है।

2. **पीली सिगनल लाइट :-** पीली लाइट हमें वाहन को चलाने के लिए तैयार रहने का संकेत देती है।

3. **हरी सिगनल लाइट :-** हरी लाइट वाहन चालको को आगे बढ़ने का संकेत देती है।

सड़क दुर्घटना में ज्यादातर बच्चे प्रभावित होते है। कभी-कभी शॉर्ट कट या आसान रास्ते से चलने की वजह से भी दुर्घटना हो जाती है।
पैदल वालो को हमेशा वाहन चालको से निर्धारित दूरी बनाकर रहनी चाहिए, और पार्क किए वाहनो के बीच दूरी बनाना भी आवश्यक है ऐसी जगह वाहन कभी नही पार्क करना चाहिए जहाँ दुर्घटना हो सके।

Scanned By Scanner Go

PAGE No
DATE: / 201

यातायात के लिए वाहन चालकों तथा पैदल वालो के लिए निम्न संकेत दिए जाते है जैसे- वाक्यो में भी लिखा होता, अंको, आगे स्कूल है कृपया धीरे चले जैसे शब्द अगाह किया जाता है। वाहन चालको, रिक्शा, साइकिल चालको ~~वह~~ को हमेशा कम से कम गति में वाहन चालाना चाहिए।
यातायात के नियमों का पालन न करने के कारण कितने लोगो मृत्यु हो जा रही है, घायल हो जाते है।
वाहन चालाते समय हमे कभी मोबाइल का ~~उपयो~~ उपयोग नही करना चाहिए।
नशे में कभी भी वाहन नही चलाना चाहिए।

हम भारतीयो का यह कर्तव्य है की यातायात के नियमो का पालन करे तभी हमरा जीवन सुगम बन सकता है और हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते है।
वाहन चालको को यह बात पता होनी चाहिए की अपने उम्र को ध्यान में रखकर ही वाहन चलाना चाहिए।

सड़क सुरक्षा को लेकर हमारे अंदर जागरुकता होनी बहुत जरूरी है।

**निष्कर्ष :-** सभी भारतीयो को सरकार द्वारा बनाए गए यातायात के नियम का पालन करना चाहिए

Scanned By Scanner Go